तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ़्फ़रनगर
विद्यालय ई-पत्रिका
सत्र 2021-22

Ph No.: 0131-2620297
E-mail Id: kvmzn6@gmail.com
Website: muzaffarnagar.kvs.ac.in

संपादक मण्डल

मुख्य संरक्षक

श्री चंद्रशेखर आजाद

उपायुक्त,

के.वि.सं. , आगरा संभाग

संरक्षक

श्री ब्रिजेशपाल सिंह

प्राचार्य , के.वि. मुज़फ्फरनगर

प्रधान संपादक

ओम प्रकाश

स्नातकोत्तर शिक्षक

संपादक

1. श्री आदेश कुमार , स्नातकोत्तर शि.
2. श्रीमती संतोष कन्नौजिया, प्र.स्ना. शि.
3. श्रीमती शिखा, प्र.स्ना. शि.
4. श्री विनोद कुमार, प्र.स्ना. शि.
5. श्रीमती भावना शर्मा , प्र.स्ना. शि.
6. श्रीमती भारती कोली, प्र.स्ना. शि.
7. श्रीमती शैली, प्र.स्ना. शि.
8. सुश्री निधि, प्रा. शि.
9. सुश्री वैशाली, संविदा शि.

विद्यार्थी संपादक

1. कु. मोहिनी सिंह 12 'अ'
2. कु. मनस्वी चौधरी 12 'ब'
3. कु. नैना 11 'अ'
4. कु. शाहीन 11 'ब'

साज सज्जा एवं कवर

श्री दुष्यन्त कुमार

श्री दीपक शर्मा

चंद्र शेखर आज़ाद

उपायुक्त

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

आगरा संभाग, आगरा

संदेश.....

अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर अपनी वार्षिक ई-पत्रिका 2021-22 का प्रकाशन करने जा रहा है।

विद्यालय पत्रिका वह दर्पण होती है जिसके द्वारा विद्यालय के चहुँमुखी विकास की जानकारी समाज को होती है |

पत्रिकाएँ छात्र- छात्राओं एवं शिक्षकों में निहित प्रतिभा और रचनात्मक क्षमता का विकास करती है और उनमें नव उर्जा के साथ आत्मविश्वास का भी संचार करती है | नव – निहाल बच्चों की लेखनी से निकली नवीन रचनाएँ अपने – अपने शब्द रंगों से आलोकित होकर विद्यालय गुलशन को और अधिक महकाती है | मुझे विश्वाश है कि यह पत्रिका विद्यालय के विद्यार्थियों के लेखन एवं साहित्यिक प्रतिभा के साथ – साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होगी |

पत्रिका के प्रकाशन के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ |

उपायुक्त
केन्द्रीय विद्यालय संगठन
आगरा संभाग, आगरा

के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

चंद्र भूषण सिंह आई. ए. एस.

जिला मजिस्ट्रेट
एवं
अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति
केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संदेश.....

शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य छात्र-छात्राओं का शारीरिक एवं मानसिक विकास करते हुए समाज का संवेदनशील नागरिक बनाना है। यह तभी संभव हो सकता है, जब उनको व्यक्तिगत एवं सामूहिक क्रियाकलापों में प्रतिभागिता हेतु अवसर दिया जाता है। मुझे बेहद प्रसन्नता है कि केन्द्रीय विद्यालय मुज़फ़्फ़रनगर वार्षिक ई-पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों में सृजनात्मक कौशल के विकास हेतु सक्रिय है। विद्यालय का यह प्रयास विद्यार्थियों को रचनात्मकता की ओर ले जायेगा, जहाँ कविता, कहानी, निबंध, यात्रा साहित्य, अनुच्छेद लेखन एवं चित्रकला का सृजन होगा। विद्यालय ई-पत्रिका निश्चित रूप से विद्यार्थियों की अंतर्निहित योग्यताओं का प्रतिबिंब होगी।

विद्यालय के प्राचार्य, सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं शिक्षार्थियों को विद्यालय ई-पत्रिका के सफल प्रकाशन की असीम-अनंत शुभकामनाएँ ।

स्वामी विवेकानंद जी के शब्दों में –

"उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए|"

चंद्र भूषण सिंह आई.ए.एस
अध्यक्ष, वि.प्र.समिति
के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

संदीप भागिआ आई .ए.एस.

मुख्य विकास अधिकारी
एवं
नामित अध्यक्ष , विद्यालय प्रबंधन समिति
केंद्रीय विद्यालय मुज़फ्फ़रनगर

संदेश.....

विद्यालय पत्रिका विद्यालय गतिविधियों का प्रतिबिंब होती है। विद्यालय सक्रियता एवं रचनात्मकता की झलक देखने को मिलती है। विद्यालय पत्रिका बच्चों को अपनी प्रतिभा , योग्यता एवं रचनात्मकता की अभिव्यक्ति का अवसर प्रदान करती है।

बच्चे विभिन्न गतिविधियों (कविता, कहानी, एकांकी , संस्मरण, निबंध, अनुच्छेद, अनुभव, ड्रॉइंग, पेंटिंग, कार्यानुभव , नवीन प्रयोग) के माध्यम से अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मकता का परिचय देते हैं। विद्यालय द्वारा पत्रिका का ई-प्रकाशन कागज़ की बचत एवं पेड़ संरक्षण की दृष्टि से सराहनीय प्रयास है। विभिन्न माध्यमों में बच्चों के मनोभावों की सृजनात्मक, कल्पनात्मक एवं कलात्मक अभिव्यक्ति सराहनीय होगी ।

मैं ऐसी आशा करता हूं कि बच्चों की यही सृजनात्मक शक्ति भविष्य में समाज सेवक, चिंतक, वैज्ञानिक ,चिकित्सक, कवि –लेखक के रूप में उभरकर देश प्रगति में सहायक सिद्ध होगी ।

विद्यालय के प्राचार्य, संपादक मंडल, सभी शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं को विद्यालय ई-पत्रिका के सफल प्रकाशन की अनंत शुभकामनाएँ ।



संदीप भागिआ आई .ए .एस.

मुख्य विकास अधिकारी एवं
नामित अध्यक्ष विद्यालय प्रबंधन समिति
केंद्रीय विद्यालय मुज़फ्फ़रनगर

के.वि.मुज़फ्फ़रनगर

ब्रिजेशपाल सिंह
प्राचार्य
केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संदेश.....

प्रसन्नता का विषय है कि सत्र 2021-22 की विद्यालय पत्रिका का ई- प्रकाशन करते हुए मैं स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रहा हूं। यह पत्रिका बाल कलाकारों एवं शिक्षाविदों की भावनाओं, विचारों एवं अंतर्निहित क्षमताओं का साकार स्वरूप है। विद्यालय पत्रिका विद्यालय की शैक्षणिक एवं गैर-शैक्षणिक विभिन्न गतिविधियों का दर्पण होती है। विद्यार्थियों को अधिगम के समान अवसर उपलब्ध कराना एवं उनमें निहित योग्यताओं का विकास करने के लिए विद्यालय अनवरत प्रयत्नशील है। आज का विद्यार्थी आने वाले कल का आदर्श नागरिक है , राष्ट्र का गौरव है । अतः शिक्षार्थियों का सर्वांगींण विकास करना हमारा प्रथम कर्तव्य है।

विद्यालय पत्रिका का उद्देश्य शिक्षार्थियों की सृजनात्मक क्षमताओं एवं योग्यताओं को मंच उपलब्ध कराना है । प्रस्तुत पत्रिका में प्रकाशित बाल रचनाकारों की रचनाएं निश्चित रूप से हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी साहित्य की विभिन्न विधाओं का रसपान कराने में सक्षम होंगी।

विद्यार्थियों की सृजनात्मक शक्ति संवेदन शीलता, कल्पना, एकता ,राष्ट्र प्रेम एवं विश्व बंधुत्व की भावना से समन्वित है। छात्र-छात्राओं की अप्रतिम प्रस्तुतियों गतिविधियों एवं कलाकृतियों को सभी सुधी पाठकों की सहज संवेदना स्वरूप स्नेह सुलभ होगा , ऐसा मेरा सहज विश्वास है।

विद्यालय ई- पत्रिका के प्रकाशन में जिन शिक्षक-शिक्षिकाओं, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों का प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग रहा है, वे सभी साधुवाद के पात्र हैं। सभी शिक्षार्थियों को सुन्दर,सुखद,सफल एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं ।

कबीरदास जी के शब्दों में –
"जिन खोजा तिन पाईया, गहरे पानी पैठ ।
मैं बौरा डूबन डरा, रहा किनारे बैठ ।।"

प्राचार्य/Principal
केन्द्रीय विद्यालय
Kendriya Vidyalaya
मुजफ्फरनगर (उ० प्र०)
Muzaffarnagar (U.P.)

बृजेशपाल सिंह
प्राचार्य

ओम प्रकाश गोस्वामी

स्नातकोत्तर शिक्षक (हिन्दी)
केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

संपादक की कलम से.....

विद्यालय पत्रिका शिक्षण एवं शिक्षणेतर विद्यालयी क्रियाकलापों का प्रतिबिंब होती है, जिससे विद्यार्थियों की शारीरिक एवं मानसिक दक्षताओं का पता चलता है। विद्यालय पत्रिका के माध्यम से विद्यार्थियों की कल्पना शक्ति, सृजनात्मकता एवं संवेदनशीलता के भाव का विकास कर उनको समुचित दिशा प्रदान करते हुए समाज का आदर्श नागरिक बनाना है।

प्रस्तुत पत्रिका में विद्यार्थियों ने हिन्दी, संस्कृत एवं अंग्रेजी भाषा में साहित्य की विभिन्न विधाओं जैसे कि कहानी, कविता ,अनुच्छेद, यात्रा साहित्य, पर्यावरण परक लेख / रचना द्वारा रचनात्मकता का परिचय दिया है, जिनसे सहयोग, सम्मान, स्नेह, सत्य , स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण, एकता, अखंडता, करुणा, अहिंसा , भाईचारा एवं देश प्रेम की भावना का संदेश मिलता है।

मैं सुधी पाठकों से अनुरोध करना चाहूंगा कि रचनाओं को पढ़कर उनमें निहित संवेदनाओं को अंगीकार करते हुए त्रुटियों को नज़र अंदाज कर बाल कलाकारों को अपना शुभाशीष प्रदान करें।

अंत में, मैं प्राचार्य महोदय श्री ब्रिजेश पाल सिंह जी का हार्दिक साधुवाद करता हूं,जिनका समय-समय पर समुचित मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा । मैं संपादक मंडल एवं सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का भी धन्यवाद ज्ञापन करता हूं ,जिनके अथक प्रयास से ई-पत्रिका प्रकाशन कार्य समय पर संभव हो सका।

सभी बाल कलाकारों का हार्दिक आभार एवं अभिनंदन ।

ओम प्रकाश गोस्वामी
स्नातकोत्तर शिक्षक
(हिन्दी)

के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

विद्यालय के होनहार

SHAGUN XII A	RUDRASKH SWAMI XII A	KARTIK VASHISHTHA XII A
94.6% , 473/500 (SCIENCE)	94.4%, 472/500 (SCIENCE)	92.4%, 462/500 (SCIENCE)

MANASVI CHAUDHARY XII-B	GAURAV JOSHI XII-B	ARPIT TAYAL XII-B
94.2%, 471/500 (COMMERCE)	89%, 445/500 (COMMERCE)	87.2%, 436/500 (COMMERCE)
PRANAV KUMAR X-A	VAISHNAVI KUMARI X-B	KASHISH X-A
97.8%, 489/500	96%, 480/500	94.8%, 474/500

विद्यालय की विभिन्न गतिविधियाँ

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

केन्द्रीय विद्यालय, मुज़फ़्फ़रनगर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

08 मार्च 2022

''यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमंते तत्र देवता ''

परीक्षा पर चर्चा

MINISTRY OF EDUCATION
GOVERNMENT OF INDIA
Pariksha Pe Charcha 2022
my GOV
मेरी सरकार

Certificate of Participation

This is to certify that

Abhishek

has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2022.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to
PPC 2022! Keep participating!

Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT

MINISTRY OF EDUCATION
GOVERNMENT OF INDIA
Pariksha Pe Charcha 2022
my GOV
मेरी सरकार

Certificate of Participation

This is to certify that

Aman Kumar

has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2022.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to
PPC 2022! Keep participating!

Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT

MINISTRY OF EDUCATION
GOVERNMENT OF INDIA
Pariksha Pe Charcha 2022
my GOV
मेरी सरकार

Certificate of Participation

This is to certify that

Aditya Gaur

has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2022.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to
PPC 2022! Keep participating!

Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT

MINISTRY OF EDUCATION
GOVERNMENT OF INDIA
Pariksha Pe Charcha 2022
my GOV
मेरी सरकार

Certificate of Participation

This is to certify that

Bhavna

has successfully participated in Pariksha Pe Charcha 2022.
We appreciate your enthusiasm and valuable contribution to
PPC 2022! Keep participating!

Prof. Sridhar Srivastava
I/C Director, NCERT

योग दिवस

नाम → नेहा

A Healthy
OUTSIDE starts
from INSIDE
#Be the best
version of you!!



अनुराग गोस्वामी कक्षा 3A
केंद्रीय विद्यालय मुजफ्फरनगर
प्रथम पाली

हिन्दी अनुभाग

एक रोज़

आज तू बिखरा हैं, एक रोज़ तू निखरेगा ,
ढला हैं जो आज सूरज, कल सुबह निकलेगा।

माना तेरी मंज़िल इन लोहे की जंजीरो में हैं,
पर तेरी ही तपन से ये लोहा भी पिघलेगा।

मंज़िलों के रास्तों में कांटे तो सभी के हैं,
पर तेरे अंदर जुनून हैं, तो तू काँटों पर भी चलेगा।
माना आज तू बिखरा हैं, एक रोज़ तू निखरेगा।

हवाएँ विपरीत भले ही चलें, तू कदम कदम बढ़ेगा।
तुझे कल के लिए हैं तैयार होना, तू आज तो गिरेगा।

तेरी कोशिश देख हवाओं का रुख, एक रोज़ तो बदलेगा।
माना आज तू बिखरा हैं, एक रोज़ तू निखरेगा।
ढला हैं जो आज सूरज, कल सुबह निकलेगा।

मान्या
कक्षा 11 'अ'

मेरे माता पिता

माँ होती है माँ, माँ का कोई नाम नहीं
सभी दुखों को सहकर भी कहे
बेटा कोइ बात नही,
आँखों का दर्द में उनका समझता
दर्द का कोई दाम नहीं।
जिनके हाथों पर सर रखकर में सोया
पिता वो मेरे, मुझको बस उनका
आशीर्वाद ही सही
रहे सलामत मेरे माता पिता
जब तक इस धरती का अंश रहे।

मो अबूबकर खान
कक्षा 11 'ब'

के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

अहसास

बहुत कुछ है पर मैं बताने से डरती हूं,
मैं गुज़रे हुए उस जमाने से डरती हूं|
बहुत कुछ है जो जलता है अब,
आग जो लगी, दिखाने से डरती हूं|

निकल जाएगा मेरा दम एक रोज,
क्या है वजह, ये बताने से डरती हूं।
जीने से पहले, है ये मरने की आरजू,
क्यूँ है आख़िर समझाने से डरती हूं|

दोज़ख़ मैं बीते लम्हों की सौगात,
कतरों से है सब दिखाने से डरती हूं|
यूं न पूछा करो मेरे होने का सबब,
बेबुनियाद किस्सा सुनाने से डरती हू|
बहुत कुछ है पर बताने से डरती हू,
मैं गुज़रे हुए उस ज़माने से डरती हू॥

नूपुर
कक्षा 11 'ब'

दोस्ती

तुम मेरी राह मस्जिद में देखना
मैं तुम्हारी राह मंदिर में देखूंगा
तुम मेरे लिए नमाज पढ़ लेना
मैं तुम्हारे लिए हाथ जोड़ लूँगा
तुम मेरे लिए मस्जिद में चादर चढ़ा देना
मैं तुम्हारे लिए मंदिर में नारियल चढ़ा दूँगा
तुम मेरे अब्बू का खयाल रखना
मैं तुम्हारी माँ का खयाल रखूंगा
तुम इस रिश्ते को दुश्मनों से संभाले रखना
मैं इस रिश्ते को प्यार से संभाल रखूंगा|

देवान्शी चौधरी
कक्षा 11 'ब'

के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

हिम्मत

जो मुस्कुरा रहा है, उसे दर्द ने पाला होगा,
जो चल रहा है, उसके पाँव में छाला होगा,
बिना संघर्ष के इन्सान चमक नहीं सकता, यारों,
जो जलेगा उसी दिये में तो, उजाला होगा,
उदास होने के लिए उम्र पड़ी है,
नज़र उठाओ , सामने जिंदगी खड़ी है,
अपनी हँसी को होंठों से न जाने देना,
क्योंकि आपकी मुस्कुराहट के पीछे दुनिया पड़ी है|

देवान्शी चौधरी
कक्षा 11 'ब'

आज़ादी

पंछी है कैद अगर
तो उड़ने में कर मदद तू ।
रात है काली अगर,
दिया जला कर रौशन कर तू ।
बीत गए कई साल रूढ़िवादी विचारों में उलझ कर ,
सुलझा मन के भाव तू ।
औरत , आदमी या हो कोई बच्चा,
सबके जीवन का कर सम्मान तू ।
तोड़ दे दीवारें सारी,
आगे बढ़ विजई राह पर ।
उन वीरों ने क्या पाया,
अगर तू अब भी डर में खोया ।
उठ जा तू, छूले आसमान,
आजादी पे है सबका हक ।

भूमि शर्मा
कक्षा 11 'ब'

के. वि. मलकानगर

जिन्दगी इसी का नाम है

कभी सुबह कभी शाम है, कभी हँसी कभी गमों का जाम है,
जिन्दगी इसी का नाम है।
कभी सफर कभी इंतकाम है, जिन्दगी इसी का नाम है।

कभी छलक आते हैं निगाहों से मोती,
कभी बिखर जाती है लबों पर दिलकश हँसी,
हर घड़ी एक पैगाम हैं, हर लम्हा एक अंजाम है,
जिन्दगी इसी का नाम है।

कभी है औरों के साथ भी साया अपना,
कभी अपनों से भी तन्हा है, कभी प्यार मिले बेशुमार इतना,
कभी बेवफाइयों का सिलसिला है।

हर काफिला बन जाये मंजर,
कभी हर मंजर काफिला है, जिन्दगी इसी का नाम है,
कभी फूल का साथ है।

कभी काँटों की सौगात है, कभी ये खुशियों की फुलझड़ी
कभी दु:खों की बरसात है, जिन्दगी इसी का नाम है।

मो. रिहान यावर
कक्षा 11 'अ'

सैनिक

अगर मैं युद्ध क्षेत्र में मर जाऊं,
तो मुझे बॉक्स में बांधकर घर भेज देना।
मेरा पदक मेरे सीने पर रख देना,
मेरी मां को बताना कि मैंने अपना सर्वश्रेष्ठ किया।
मेरे पिता से कहना कि झुको मत,
उन्हें अब मुझसे तनाव नहीं होगा।
मेरे भाई को अच्छी तरह से पड़ने के लिए कहना ,
चाबी मेरी बाइक की अब हमेशा के लिए उसकी होगी।
मेरी बहन को परेशान न होने के लिए कहना,
अब उसका भाई सूर्यास्त के बाद लंबी नींद लेगा।
मेरे देश से कहना कि रोना मत,
क्योंकि मैं मरने के लिए पैदा हुआ सैनिक हूं।

ज्योति
कक्षा 11 'ब'

के.वि. मुजफ्फरनगर

मैं आधुनिक नारी हूं!

मैं अबला नादान नहीं हूँ, दबी हुई पहचान नहीं हूँ।
मैं स्वाभिमान से जीती हूँ, रखती अंदर ख़ुद्दारी हूँ।।
मैं आधुनिक नारी हूँ।।

पुरुष प्रधान जगत में मैंने, अपना लोहा मनवाया।
जो काम मर्द करते आये, हर काम वो करके दिखलाया |
मैं आज स्वर्णिम अतीत सदृश, फिर से पुरुषों पर भारी हूँ।
मैं आधुनिक नारी हूँ।।

मैं सीमा से हिमालय तक हूँ, और खेल मैदानों तक हूँ।
मैं माता,बहन और पुत्री हूँ, मैं लेखक और कवयित्री हूँ
अपने भुजबल से जीती हूँ, बिजनेस लेडी, व्यापारी हूँ
मैं आधुनिक नारी हूँ।।

जिस युग में दोनों नरनारी-, कदम मिला चलते होंगे,
मैं उस भविष्य स्वर्णिम युग की, एक आशा की चिंगारी हूँ।
मैं आधुनिक नारी हूँ।

नैना धीमान
कक्षा 11 'स'

गिरना भी अच्छा है

गिरना भी अच्छा है,
औकात का पता चलता है।
बढ़ते हैं जब हाथ उठाने को,
अपनों का पता चलता है।

जिन्हें गुस्सा आता है,
वो लोग सच्चे होते हैं।
मैंने झूठों को अक्सर
मुस्कुराते हुए देखा है।

सीख रहा हूं अब मैं भी,
इंसानों को पढ़ने का हुनर ।
सुना है चेहरे पे किताबों
से ज्यादा लिखा होता है।

हरीश कुमार
कक्षा 11 'स'

माँ, अब मुझे तू फौजी बनने दे!

ये आग जलती है तो जलने दे...
माँ, अब मुझे तू फौजी बनने दे!
जाना है उस जगह...
जाना है उस जगह, जहाँ सुना है मन के मौजी बसते हैं।
बहुत देखली ये दुनिया
चल अब फौजी बनते हैं।।
बहुत जीली नाकाम ज़िंदगी...
चल, अब देश के लिए कुछ काम करते हैं।
फर्जी के रिश्तों में ज़िंदगी बर्बाद कर डाली,
चल, अब ज़िंदगी देश के नाम करते हैं।।
अब फौजी बनते है...
ये सरहदें पुकारती मुझको है,
ये आतंक की बदबू ललकारती मुझको है।
जब लिपट जाऊं तिरंगे में, तो मुझे आबाद कहना ।
मेरी माँ, पल्लू में छिपी हसीं तेरी बहुत प्यारी है,
इसलिए मुस्कुराते हुए अपने लाल को गुड बाय कहना।।
ये मोबाइल के स्टेटस देख देख के थक गया हूं।
बन जाऊ मैं भी सबका स्टेटस, खुदके इस वादे में बंध गया हूं।।
माँ के आँचल की खुशबू वैसे तो फीकी होती नहीं कभी,
पर इसमें थोड़ी सी मेरी वर्दी की खुशबू भी मिला दूं ना
तो दोनों जहां मिलते हैं ।
चल अब फौजी बनते हैं।।

कनिष्क चौधरी
कक्षा 11 'अ'

पहाड़ का दुख

देवदार, बांस या चीड़ जैसे पहाड़ के प्रतीक पेड़ ।
इन दिनों बहुत कम हैं यहां, मगर झरने बेशुमार हैं ।
कोई ऐसा, जैसे कोई अल्हड़ हंस दे दिल खोलकर,
बिन बात किसी की पतली धार ऐसी ।

जैसे आबादी से दूर कोई संन्यासी रो रहा हो सुबकसुबककर
कभी हुआ करते थे ये झरने स्रोत पानी के,
इन दिनों ये आंसू हैं पहाड़ के ।
उनका सीना चीर बनाई जा रही सड़कों पर,
अंधाधुंध दौड़ती गाड़ियों के शोर और धुओं से ,
इन दिनों हांफने लगे हैं पहाड़ ।

पिघल रहे हैं हिमखंड, उबल रही हैं नदियां जहां,तहां-
कभी झरनों और उबलती नदियों के मीठे पानी को
अंजुरी भरकर देखना, छलक कर बाहर आ जाएगा पहाड़ का दुख ।

भानु सैनी
कक्षा 11 'अ'

विरासत ए खालसा सिख धर्म का एक संग्रहालय है,जो भारत के पंजाब राज्य की राजधानी चंडीगढ़ के पास पवित्र शहर आनन्दपुर साहिब में स्थित हे। संग्रहालय सिख इतिहास के साल 500 ,वीं वर्षगांठ की खुशी में बनाया गया 300 और खालसा के जन्म की दसवें और अंतिम गुरु,गुरु गोबिंद सिंह जी द्वारा लिखित शास्त्रों के आधार पर। यह पर्यटकों और तीर्थयात्रियों को आकर्षित करता है। इसके परिणामस्वरूप इमारत के वातावरण में धर्म और उभरती हुई जरूरतों के बीच परामर्श होता है। एक ओर यह स्थानीय लोगों द्वारा विरासत की भावना को पोषित करने के साथ-साथ हाथ के शिल्प को बढावा देता है, दूसरी ओर यह मौजूदा शहरीवाद के विशाल हस्तक्षेप से अनन्तता को याद करता हैजो दृश्यमान शहरीवाद से उत्पन्न दुविधा की एक अवस्था है |

वरेण्य वर्मा - कक्षा 7 'अ'

ऐ उम्र...!

ऐ उम्रकुछ कहा मैंने !..
कुछ कहा मैंने,
पर शायद तूने सुना नहीं..
तू छीन सकती है बचपन मेरा,
पर बचपना नहीं!!..
हर बात का कोई जवाब नहीं होता
हर इश्क का नाम खराब नहीं होता...
यूं तो झूम लेते है नशे में पीनेवाले
मगर हर नशे का नाम शराब नहीं होता...
खामोश चेहरे पर हजारों पहरे होते हैं
हंसती आँखों में भी जख्म गहरे होते हैं
जिनसे अक्सर रूठ जाते हैं हम,
असल में उनसे ही रिश्ते गहरे होते हैं...
किसी ने खुदा से दुआ मांगी
दुआ में अपनी मौत मांगी,
खुदा ने कहा, मौत तो तुझे दे दूँ मगर,
उसे क्या कहूं जिसने तेरी जिंदगी की दुआ मांगी...
हर इन्सान का दिल बुरा नहीं होता,
हर एक इन्सान बुरा नहीं होता।
बुझ जाते है दीये कभी तेल की कमी से...
हर बार कुसूर हवा का नहीं होता !!!

अर्पित तायल - कक्षा 12 'ब'

जीवन में आगे बढ़ने के लिए कुछ महत्वपूर्ण बातें

ईश्वर का दिया कभी अल्प नहीं होता, जो टूट जाए वो संकल्प नहीं होता।
हार को लक्ष्य से दूर ही रखना, क्योंकि जीत का कोई विकल्प नहीं होता है।
जीवन का सबसे बड़ा अपराध-किसी की आँख में आँसू आपकी वजह से होना |
जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि-किसी की आँख में आँसू आपके लिए होना।
कभी भी कामयाबी को दिमाग में और नाकामी को दिल में जगह नहीं देनी चाहिए |
क्योंकि कामयाबी दिमाग में घमंड और नाकामी दिल में मायूसी पैदा करती है।

लक्षिका त्यागी
कक्षा 11 'ब'

आजादी का अमृत महोत्सव

महान स्वतंत्रता सेनानी श्री विनायक -दामोदर सावरकर

- वीर सावरकर के नाम से प्रख्यात ये एक महान स्वतंत्रता सेनानी, क्रांतिकारी, समाजसुधारक, इतिहासकार, राष्ट्रवादी नेता तथा विचारक थे।
- वे एक वकील, राजनीतिज्ञ, कवि, लेखक और नाटककार भी थे।
- स्वतंत्रता आंदोलन में इन्होंने एक अहम भूमिका निभाई और राष्ट्रवाद का प्रसार किया।
- इन्होंने परिवर्तित हिंदुओं को अपने धर्म में वापिस लाने हेतु सतत प्रयास किए।
- उनके राजनीतिक दर्शन में उपयोगितावाद, तर्कवाद, प्रत्यक्षवाद,मानवतावाद, सार्वभौमिकता, व्यावहारिकता और यथार्थवाद के तत्व थे।
- वे एक तर्कबुद्धि व्यक्ति थेजो हर धर्म के रूढ़िवादी विश्वासों का विरोध करते थे ,।
- उन्होंने देश सेवा को ही ईश्वरसेवा माना और अपना तन मन राष्ट्र को समर्पित कर दिया।
- 1911 में इन्हें अंग्रेजों द्वारा काले पानी की सजा सुनाई गई किंतु सावरकर ने उस दौरान भी राष्ट्रभक्ति की भावना नहीं छोड़ी।

नैना - कक्षा 11 'अ'

शिक्षा का महत्व

हमारे जीवन में शिक्षा का होना बहुत आवश्यक है। शिक्षा के बिना हम जीवन में सफल नहीं हो सकते। शिक्षा एक ऐसा हथियार है जो संसार को बदल सकता है। शिक्षा हमारे अंदर आत्मविश्वास बढ़ाती है। शिक्षा हमें अच्छे- बुरे, सही- गलत का ज्ञान कराती है। शिक्षा के द्वारा ही हम देश के एक बेहतर नागरिक बन सकते है। देश का विकास एवं समृद्धि शिक्षा के द्वारा ही संभव है। शिक्षा के द्वारा समाज में फैली सभी बुराइयों को दूर किया जा सकता है।

अतुल वशिष्ठ - कक्षा 11 'ब'

के वि मुजफ्फरनगर

अहिल्याबाई होलकर

- जन्म - 31 मई 1725
- अहिल्याबाई होलकर मराठा साम्राज्य की प्रसिद्ध महारानी थीजिन्होंने जनसेवा के लिए अनेक, कार्य किए।
- वे मराठा साम्राज्य के सूबेदार मल्हारराव होलकर की पुत्रवधु थी।
- लगभग 12 वर्ष की आयु में उनका विवाह हो गया और वे होलकर वंश की सदस्य बनी।
- बचपन से ही उनके मन में समाज के रीति रिवाजों एवं स्त्रीयों के साथ हो रहे भेदभाव के प्रति बहुत से सवाल थे।
- 29 वर्ष की आयु में ही ये विधवा हो गई। अहिल्याबाई ने सती होने का निर्णय लिया पर मल्हारराव के समझाने पर उन्होंने जीवित रहना स्वीकार किया।
- फिर 43 वर्ष की आयु में इनके पुत्र की भी मृत्यु हो गई। जीवन में इतने दुख आने पर भी अहिल्याबाई ने हार नहीं मानी।
- अहिल्याबाई भगवान शिव को अपना आराध्य मानती थी। माहेश्वर को राजधानी बनाकर उन्होंने वहां शासन किया।
- उन्होंने समाज की रीति के विरुद्ध शिक्षा प्राप्त की और स्त्री शिक्षा के प्रति अहम योगदान दिए।
- अहिल्याबाई ने अपने राज्य के बाहरी और भीतरी सीमाओं एवं प्रसिद्ध तीर्थ स्थलों पर मंदिर बनवाए , घाट बनवाए, कुये और बावड़ियों का निर्माण किया।
- अहिल्याबाई ने काशी विश्वनाथ में शिवलिंग की स्थापना कराई , मार्ग बनवाए, भूखों के लिए भोजन और प्यासों के लिए प्याऊ बिठाई ताकि संस्कृति की रक्षा के साथ साथ जनसामान्य को आवश्यक सुविधाएं मिल सके।
- अहिल्याबाई ने स्त्री शिक्षा और स्त्रीयों के अधिकारों के लिए लोगों को जागरूक किया और समाज को एक नई दिशा दी।

नैना - कक्षा 11 'अ'

चुटकले

डॉक्टर युवती का वजन तोलने के बाद - आपको तुरंत अस्पताल में दाखिल हो जाना चाहिए।
युवती - क्यों डॉक्टर साहब ?
डॉक्टर - क्योंकि आपका वजन एक दिन में एक किलोग्राम कम हो गया है |
युवती - डॉक्टर साहब चिंता की कोई बात नहीं है। दरअसल कल मैंने मेकअप कर रखा था।

वैभव तोमर - कक्षा 6 'ब'

मौन की भक्ति

किसी गांव में एक झगडालु बुढिया रहती थी। वह रोज किसी न किसी गांव वाले से लडा़ करती थी। सभी गांववाले उससे परेशान हो गये थे । एक दिन गांववालो ने पंचायत बुलाई। पंचायत में बुढिया को भी बुलाया गया। पंचायत में निर्णय हुआ कि बुढिया बारी–बारी से एक घर को चुनेगी और उस गांव वाले से लड़ा करेगी ,जिससे गांववालो को पता हो क आज किसकी बारी है।

इस प्रकार रोज बुढिया बारी–बारी से लड़ने लगी। एक बार गांव के प्रधान के बेटे की भादी थी। भादी के बाद नई–नवेली दुल्हन का आगमन हुआ। उसी दिन प्रधान के घर की बारी थी। घर के सभी सदस्य परेशान हो गये कि अब क्या होगा। जब नई दुल्हन ने अपनी सास को परेशान देखा तो कारण पुछा कि क्या बात है ? आप इतनी परेशान क्यो है? कृप्या मुझे बताइये भायद मैं आपकी मदद कर संकु।

सास ने बुढिया के लडने वाली बात दुल्हन को बताई। दुल्हन ने कहा आप लोग परे”ान न हो। जब बुढिया आयेगी तो मुझे बता देना। थोडी देर मे ही बुढिया लडने के लिए आ गयी और बुरी तरह लडने लगी तभी दुल्हन ने लंबा सा घुंघट निकाला और दरवाजे की चौखट पर जा कर बैठ गयी।

अब जब भी बुढिया बोल कर थक जाती। दुल्हन उसे दोनो हाथो से अंगुठे दिखा देती। बुढिया फिर लडने लगती । बुढिया जैसे ही चुप होती दुल्हन फिर उसे दोनो हाथो से अंगुठे दिखा देती। बुढिया फिर लडने लगती|

इस प्रकार बुढिया बोल – बोल कर मर गई और सभी गांव वालो से झगडालु बुढिया से छुटकार मिला और शिक्षा मिली कि मौन में बहुत भाक्ति होती है|

लावण्या - कक्षा 5 ‘ब’

शिक्षा का मोल

शिक्षा है अनमोल ,जानो तुम इसका मोल ,
यह है एक ऐसा धन, नहीं सकेगा कोई तोल |
शिक्षा ही जीवन है ,शिक्षा ही है नीति ,
शिक्षा के बिना अधूरी जीवन की हर रीति ,|
जीवन के संस्कारों का,रिवाजों के उपहार का ,
शिक्षा ही है आधार ,सफलता के प्रमाण का |
सब मिलकर लगाओ शिक्षा का नारा,
ताकि सारा जहाँ हो हमारा |

हाईका तनवीर - कक्षा 5 ‘अ’

मां

मां की ममता ईश्वर का वरदान है,
सच पूछो तो मां इंसान नहीं, भगवान है।
मां के चरणों में जन्नत का हर रूप होता हैं ,
मां ईश्वर का स्वरूप होता है।

मां जो हर बच्चे की दिल की चाह होती है,
मुसीबत में एक नई राह होती है ,
जो हर किसी को नसीब नहीं होती ।
मां की अहमियत उनसे पूछो,
जिनकी मां नहीं होती ।

जो हर बच्चे की जान होती है,
हर रिश्ते की मान होती है,
सभी का एकमात्र आसमान होती है ।
हर किसी को मां की ममता मिले ,
अपनी मां से कभी कोई ना बिछड़े।

मेरी एकमात्र दुआ उस खुदा से,
जिनकी मां हो उसे क्या पता,
कि मां क्या होती है
मां को जानना है तो उनसे पूछो,
जिनकी मां नहीं होती है ।

मनस्वी चौधरी – कक्षा 12 'ब'

के.वि. मुज़फ़्फ़रनगर

मेरे पापा

मेरे पापा सबसे महान
मैं उनकी राज दुलारी, अँखियों का तारा,
अगले जन्म फिर मिलेंगे दोबारा,
जन्मजन्म का हो साथ हमारा।-
अपना सुख और दुख ना देखा,
की मेहनत मजदूरी ,
लगन रही सदा अपने बच्चों की।
हर इच्छा हो पूरी,
तोड़ कमर डयूटी पे अकसर ,
टाईम लगाकर रूखी सूखी रोटी खाकर,
फिर भी किया हम सब का गुजारा।
जिसके सर पे हाथ पिता का
क्या दुख से घबराना ।
पापा है बेटी की हिम्मत,
माँ है दुआ का खजाना।
पापा तो अनमोल रतन है,
पापा से बढ़कर कोई ना धन है।
पापा का कर्ज ना उतरेगा जिंदगी भर हमसे।
पापा की अगर डांट पड़े, तो सहजाना,
माता,पिता सदा सोचे भलाई दिलाना-
ना कि दिल दुखाना ।
पकड़ के ऊँगली चलना सिखाना ,
लाड लडाया कदम कदम पर-दिया है सहारा।
मेरे पापा सबसे महान, मैं उनकी राज दुलारी ।

दिया चौधरी - कक्षा 11 'ब'

क्रि.मा.पृ.

मिलकर कोरोना को हराना है

दूरी है दूरी है , अभी सबसे दूरी है।
पास न जाना तुम ,ये बेहद जरूरी है।
एक ही कमरे में , ये दुनिया पूरी है।
जान से भी ज्यादा, पैसा क्या जरुरी है।

मिलकर कोरोना को हराना है.....
घर से हमें कहीं नहीं जाना है।
हाथ किसी से नहीं मिलाना है।
चेहरे से हाथ नहीं लगाना है।
बार बार अच्छे से हाथ धोना है।

सेनेटाइज करके, देश को स्वच्छ बनाना है।
बचाव ही इलाज है, यह समझाना है।
कोरोना से हमकों नहीं घबराना है।
सावधानी रखकर कोरोना को मिटाना है,
देशहित में सभी को यह कदम उठाना है।

सौम्या भारद्वाज
कक्षा11 -ब

कविता

हम बच्चे बलवान बनेंगे।
मेहनतकश इंसान बनेंगे ।।
इस धरती पर जन्म लिया है ।
भारत मां की शान बनेंगे ।।
हाथों में फौलादी ताकत ।
लेकर हम चट्टान बनेंगे ।।
पर्वत जैसे ऊंचे उठकर भी ।
ना कभी अभिमान करेंगे ।।
सदा सुगंध लुटाने वाली ।
फूलों की मुस्कान बनेंगे ।।
नए राह पर चलने वाले ।
हम आंधी तूफान बनेंगे।।
हम बच्चे बलवान बनेंगे ।
मेहनतकश इंसान बनेंगे।।

सार्थक – कक्षा 6 'अ'

के.वि. मुजफ्फरनगर

उसे मम्मी कहो या मां

उसे मम्मी कहो या मां,
आई कहो या अम्मा,
मां के मुंह से निकला हुआ,
हर शब्द है लाड़ भरा चुम्मा।

बचपन से लेकर आज तक,
जब भी भूख से किया मैंने आ..
जिन हाथों ने मुझे खिलाया,
वो थी मेरी प्यारी मां।

हमसे पहले जागती है,
और हमसे बाद में सोती है,
हमें हमारी इच्छा पूरी करने के लिए,
भगवान से प्रार्थना करनी पड़ती है,
मां से कहना भी नहीं पड़ता है ,
और इच्छा पूरी हो जाती है।

तेरे कंगन की खनक,
मुझे लोरी लगती है,
तू हमेशा मेरे दिल में बसती है।

भगवान हर घर नहीं जा सकते,
इसलिए उन्होंने मां को बनाया,
मां तेरे कदमों में स्वर्ग उतर आया।

प्रियांशी चौहान
कक्षा 11 'ब'

के.वि. मुज़फ्फरनगर

माँ

मेरी माता न्यारी है ,लगती मुझको प्यारी है |
लाल गुलाबी नीले पीले, फूलों की वो क्यारी है |
मेरी मम्मी रानी है, बातें करती तूफानी हैं |
बात बात पर लाड लड़ाये, हम सब की वो जानी है |

मुहम्मद हदीद तनवीर
कक्षा 1 'ब'

कोरोना के दौरान बंद रहे स्कूलों पर एक कविता

एक मोड़ पर मुड़ते ही प्रख्यात एक विद्यालय था,
बच्चों को शिक्षित करने का एक बड़ा मुख्यालय था।
जहां पर घुसते ही अक्सर,
एक शोर सुनाई पड़ता था।
छात्रों की संख्या का ना कोई छोर दिखाई पड़ता था।
आज वहां घुसते ही ,
एक सन्नाटा सा छा जाता है।
भीतर जाने पर कोई ,
पहचान नहीं हो पाती है,
दो सीटों की बातचीत की,
ध्वनि कोनों तक आती है।
सीट बोली, कि सब बच्चे
अब घर पर ही रहते हैं।
कोरोना के डर से सारे
अब नेट पर ही पढ़ते हैं।
बहुत अधिक दिन बीत गए,
हम और नहीं सह सकते हैं,
अब तो कोविड मिट जाए,
बस यही कामना रखते हैं ।

प्रातुल वशिष्ठ – कक्षा 12 'अ'

के.वि. मुजफ्फरनगर

लेती नहीं दवाई "माँ"

लेती नहीं दवाई ,"माँ"
जोड़े पाई पाई माँ।"
दुःख थे पर्वत, राई ,"माँ"
हारी नहीं लड़ाई माँ" ।

इस दुनियां में सब मैले हैं,
किस दुनियां से आई माँ" ।
दुनिया के सब रिश्ते ठंडे,
गरमागर्म रजाई "माँ"

जब भी कोई रिश्ता उधड़े,
करती है तुरपाई "माँ"
बाबू जी तनख़्वा लाये बस,
लेकिन बरक़त लाई "माँ"

बाबूजी थे सख्त मगर ,
माखन और मलाई "माँ"
बाबूजी के पाँव दबा कर,
सब तीरथ हो आई "माँ"

नाम सभी हैं गुड़ से मीठे,
मां जी, मैया माई "माँ। "
सभी साड़ियाँ छीज गई थीं,
मगर नहीं कह पाई "माँ"

घर में चूल्हे मत बाँटो रे,
देती रही दुहाई "माँ"
बाबूजी बीमार पड़े जब,
साथसाथ- मुरझाई मां

रोती है लेकिन छुप,छुप कर-
बड़े सब्र की जाई "माँ"
लड़ते लड़ते-सहते,सहते-
रह गई एक तिहाई "माँ"

बेटी रहे ससुराल में खुश,
सब ज़ेवर दे आई "माँ"
"माँ से घर " घर लगता है,
घर में घुली समाई "माँ"

बेटे की कुर्सी है ऊँची,
पर उसकी ऊँचाई "माँ"
दर्द बड़ा हो या छोटा हो,
याद हमेशा आई "माँ"

पायल राठी – कक्षा 7 'ब'

कवि मन:प्रभा

खामोशी

मासूम आवाजें है करोड़ों,
पर शब्द हैं सिर्फ मेरे।
मेरे शब्दों में समझना उनकी कशमकश,
क्यों लगे हैं शब्दों पर पहरे ?
नाजाने कहाँ गुम हो गए,
वो खिलखिलाते चेहरे।

पहले मैं सबसे कहा करती थी,
काम पर क्यों न जाए रात में ,
क्यों जाए सिर्फ सवेरे ?
पर आज कल मेरी रूह मुझसे कहा करती हैं,
कौन है ये, क्यों तू इसके ज़ुल्म सहा करती हैं?
हिम्मत नहीं है मुझमें कि बता दूँ उस नादाँ को,
कि क्यों अब मेरे भीतर सिर्फ खामोशी रहा करती हैं?

समीक्षा - कक्षा 12 'अ'

कोई अर्थ नहीं

नित जीवन के संघर्षों से जब टूट चुका हो अन्तर्मन,
तब सुख के मिले समन्दर का रह जाता कोई अर्थ नहीं ।
जब फसल सूख कर जल के बिन, तिनका तिनका बन गिर जाये,
फिर होने वाली वर्षा का रह जाता कोई अर्थ नहीं ।
सम्बन्ध कोई भी हो लेकिन यदि दु:ख में साथ न दें अपना,
फिर सुख में उन सम्बन्धों का रह जाता कोई अर्थ नहीं।
छोटीछोटी खुशियों के क्षण निकले जाते हैं रोज जहाँ-,
फिर सुख की नित्य प्रतीक्षा का रह जाता कोई अर्थ नहीं।

मन कटुवाणी से आहत हो भीतर तक छलनी हो जाये,
फिर बाद कहे प्रिय वचनों का रह जाता कोई अर्थ नहीं ।
सुखसाधन चाहे जितने हों पर काया रोगों का घर हो-,
फिर उन अगनित सुविधाओं का रह जाता कोई अर्थ नहीं ।

मान्या जौहरी
कक्षा 8 -'अ'

मेरा भारत

भारत को स्वच्छ बनाना है।
इस जहां में हिंद को श्रेष्ठ कहलवाना है।
झगड़ते रहते हैं भाई हिंदू, मुस्लिम कहकर-
हर भारतीय को हमें एक बनाना है।
आग में झोंक दो सारी कुरीतियों को,
गरीबी से देश का पीछा छुड़वाना है।
एकता का प्रतीक तो हमें कहा जाता है,
बस खुद को पवित्रता की देवी बनाना है।
सुबह उठकर जो बच्चे काम पर जा रहे हैं,
बस उनके हाथों में किताब को लाना है।
प्रगतिशील है देश हमारा,
बस उसे अब विकसित बनाना है ।
स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत,
इस विश्व में अग्रणी भूमिका में लाना है।

नाजिया – कक्षा 7 'ब'

जादुई पेड़

एक बार की बात है। एक गांव में दो भाई रहते थे । एक का नाम केशव और दूसरे का सोहन । केशव एक मेहनती और ईमानदार किसान था ।सोहन एक लालची व्यापारी , लेकिन अमीर था। सोहन केशव को सताता था। केशव रोज़ अपने खेत के पास वाले एक सूखे हुए पेड़ को पानी देता, कुछ महीनों बाद वह पेड़ हरा भरा हुआ। यह देखकर केशव बहुत खुश हुआ ।पेड़ के हरे भरे होने के अगले दिन केशव रोज़ की तरह खेती करने आया । तभी केशव को एक आवाज़ सुनाई दी केशव", केशव ज़रा इधर आओ ।" केशव उस आवाज की तरफ गया तो उसने देखा कि यह आवाज़ तो उसी पेड़ की है, जिसको वह पानी देता था। केशव आश्चर्यचकित रह गया कि पेड़ कैसे बोल सकता है। पेड़ बोला "मैं एक जादुई पेड़ हूं" , तुमने मुझे फिर से पहले जैसा हरा भरा बना दिया है। मैं तुमसे बहुत प्रसन्न हूं। मैं तुम्हें एक पैसों से भरा थैला देता हूं। ये पैसे ले जाओ और अपनी गरीबी दूर करो ,यह तुम्हारे कर्मों का ही परिणाम है। केशव उस थैले को अपने घर ले जाता है। उसे वह थैला ले जाते हुए सोहन ने देख लिया। उसे जिज्ञासा हुई कि इस थैले में यह क्या ले जा रहा है। जैसे ही केशव अपने घर पहुंचा, उसने सारी बात अपने परिवार को बताई ।सोहन ने भी यह बात घर के बाहर छुपकर सुन ली ।वह भी चाहता था की उसे पैसे मिले ।सोहन उस जादुई पेड़ के पास गया और कहने लगा की हे",जादुई पेड़ ! जैसे आपने केशव को पैसे दिए मुझे भी दो जादुई पेड़ को पता था कि वह लालची है ",और केशव को सताता था । इसलिए उसने पैसों की जगह दो गुस्से वाले बैल छोड़ दिए । वे बैल सोहन के पीछे पड़ गए । इस तरह केशव खुशी खुशी जीने लगा , और साथ ही साथ सोहन को उसका सबक मिल गया। शिक्षा- हमें कभी भी लालच नहीं करना चाहिए -

अनुपम गोस्वामी – कक्षा 5 'अ '

प्रकृति का संरक्षण

इन तरीकों से धरती को बचाएं...

- पहला कदम है पुनर्चक्रण। यानी ऐसी चीजों को खरीदो , जिसका दुबारा उपयोग संभव हो, जो प्रकृति में स्वयं सड़ गल जाए।
- जल की बचत करें। देखने में आया है कि पानी का दुरूपयोग बड़े पैमाने पर हो रहा है। इंसान मुँह धोते समय नल को खोले रहता हैं, जिससे पानी बर्बाद होता रहता है। इसी तरह नहाने के समय भी इंसान फालतू पानी बहाता है।

- बिजली की बचत करें। जब आपका काम हो जाए तो बिजली से चलने वाले उपकरणों को बंद कर दें। इस तरह से बिजली और पैसे दोनों की ही बचत होगी।

- पौधे कई तरह से हमें फायदा पहुंचाते हैं। इसलिए ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं और इस धरती को हरा भरा बनाएं। साथ ही जंगलो को न काटें। -

- धूम्रपान न केवल आपके और आपके स्वास्थ्य के लिए हानि कारक है बल्कि यह पर्यावरण को भी नुकसान पहुंचाता है। इसलिए धूम्रपान नहीं करना चाहिए।

हरि शर्मा ब 7

शिक्षक

शिक्षक ज्ञान का है भंडार ।
उनके चरणों के आशीष से हम जीतेंगे हर बार ।।
शिक्षक की ज्ञान भरी बातेंकर देंगी नैया पार ।
उनके ज्ञान रूपी वरदान सेरोशन होता सारा संसार ।
कर लो अपने शिक्षक की भक्तिभवसागर से हो जाओगे पार।
मिलेगा ज्ञान ही ज्ञान तुमको, बदल जाएगा यह संसार ।।

अन्नया पाल - कक्षा 5 'ब'

के.वि. मुजफ्फरनगर

वक्त तुम्हारा है

वक्त तुम्हारा है, सपने भी तुम्हारे है ,
पूरे भी तुम को करने हैं।
माना डगर थोड़ी मुश्किल है, मगर नामुमकिन नहीं,
करना अभी है, समय यही है |
चाहे तो सोना बना दो , या सोने में बिता दो !

वंशिका गोडियाल – कक्षा 8 'अ'

मेरे शिक्षक मेरे आदर्श

माँ बाप से भी ऊंचा मान होता है,
भारत में शिक्षक का सम्मान होता है।
प्यार सेडांट से या कभी इंकार से ,,
शिष्यों के लिए शिक्षक वरदान होता है।
मिट्टी को हीरा से कोहिनूर बनाना,
नीवं की ईटों का योगदान होता है।
ज्ञान का भण्डार इनके चरणों में है दोस्त,
रोम रोम इनसे प्रकाशमान होता है। -
जीवन अंश मानव चरणों में है अपर्ण,
आंख खोल देता हैकृपा निधान होता है। ,
भारत में शिक्षक का सम्मान होता है,
